# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




24 June 2026



Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को राज्य स्तरीय आयोजन कहां किया गया?

(A) आबूराज (सिरोही)
(B) आमेर (जयपुर)
(C) ब्रज (भरतपुर)
(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को राज्य स्तरीय आयोजन सिरोही के आबूराज में किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कार्यक्रम में शामिल हुए

- संयुक्त राष्ट्र महासभा में 11 दिसंबर, 2014 को हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के संकल्प को पास किया गया। भारत के इस प्रस्ताव को 193 देशों में से रिकॉर्ड 177 देशों का समर्थन मिला
- 2026 में इस वर्ष 12 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया है
- थीम :- "Yoga for Healthy Ageing" (योगा फॉर हेल्दी एजिंग)

## Yesterday Revision

1. केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 21 जून को जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर 205 करोड़ रुपये की लागत से तैयार अत्याधुनिक मेगा कोचिंग टर्मिनल का उद्घाटन किया।
2. 02. रेयर अर्थ मिनरल्स (Rare Earth Elements): बालोतरा जिले के पचपदरा व शेरगढ़ क्षेत्र के ग्राम नवातला एवं देवीगढ़ में 207.63 वर्ग किमी के विस्तृत क्षेत्र में रेयर अर्थ तत्वों के एक्सप्लोरेशन (खोज) की मंजूरी दी गई है।
3. 03. राजस्थान में शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के लिए सरकार ₹200 करोड़ रूपए विशेष वित्तीय सहायता देगी?
4. 04. 17 जून 2026 मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA) से जुड़े मामलों की त्वरित सुनवाई और आतंकवाद/राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए विशेष न्यायालय स्थापित करने की स्वीकृति दी गई है।
5. 05. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्लोवाकिया देश के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी को उपहार स्वरूप राजस्थान की प्रसिद्ध थेवा कला से बने हाथ से तैयार कफलिंक भेंट किए

1. **निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) CM भजनलाल शर्मा ने 20 जून 2026 को 'प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना' के तहत राज्य में पहली बार अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक (EV) बसों की शुरुआत की है।

(B) इस योजना में राजस्थान के 8 प्रमुख शहरों—जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, भीलवाड़ा, अलवर और अजमेर को चुना गया है।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

राजस्थान में शहरी परिवहन को प्रदूषण मुक्त और आधुनिक बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 20 जून 2026 को 'प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना' के तहत राज्य में पहली बार अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक (EV) बसों की शुरुआत की है।

- मुख्यमंत्री ने जयपुर के अमर जवान ज्योति से जयपुर के लिए 29 और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भीलवाड़ा के लिए 18 ई-बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- 8 जिलों का चयन: इस योजना में राजस्थान के 8 प्रमुख शहरों—जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, भीलवाड़ा, अलवर और अजमेर को चुना गया है।
- कुल 1,150 बसें: केंद्र सरकार द्वारा शुरुआती चरण में इन 8 जिलों के लिए 675 बसें स्वीकृत की गई हैं (जिन्हें दीपावली 2026 तक चलाने का लक्ष्य है)। इसके अतिरिक्त 475 और बसें मंजूर हुई हैं, जिससे राज्य को कुल 1,150 ई-बसें मिलेंगी।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) ) राजस्थान के जोधपुर में देश का पहला 'मारवाड़ी फैसिलिटेशन सेंटर' स्थापित करने की ऐतिहासिक पहल की गई है।

(B) यह केंद्र 46 से अधिक देशों में बसे 10,000 से अधिक सदस्यों के लिए एक 'मल्टीपल ग्लोबल नेटवर्किंग हब' के रूप में काम करेगा। ।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं
(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन (MIF) द्वारा जयपुर के जगतपुरा में 4000 वर्गमीटर भूमि पर देश का पहला 'मारवाड़ी फैसिलिटेशन सेंटर' (मारवाड़ी प्रवासी भवन) स्थापित करने की ऐतिहासिक पहल की गई है
- यह केंद्र दुनिया भर में बसे प्रवासियों को उनकी मातृभूमि से जोड़ने और व्यापारिक नेटवर्किंग को बढ़ावा देने के लिए एक बहुउद्देशीय हब होगा।
- यह केंद्र 46 से अधिक देशों में बसे 10,000 से अधिक सदस्यों के लिए एक 'मल्टीपल ग्लोबल नेटवर्किंग हब' के रूप में काम करेगा।
- फेडरेशन से जुड़े सदस्यों को 'उद्योग मित्र' नाम दिया गया है. इनमें सफल उद्योगपति, कारोबारी, स्टार्टअप संस्थापक, कॉर्पोरेट नेतृत्वकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हैं

03.राजस्थान व किस राज्य के मध्य 1994 के अपर यमुना रिवर बोर्ड समझौते को लागू करने पर एमओयू किया जाएगा?

(A) हरियाणा

(B) पंजाब

(C) उत्तरप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान के जल अधिकारों को लेकर लंबे समय से चल रही चर्चा के बीच हरियाणा और राजस्थान सरकार के बीच बड़ी सहमति बनी है.
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की मौजूदगी में नई दिल्ली में हुई बैठक में दोनों राज्यों ने साल 1994 के अपर यमुना रिवर बोर्ड समझौते को लागू करने पर सहमति जताई. तय किया गया कि राजस्थान को उसके हिस्से का पानी पाइपलाइन के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा.
- इस संबंध में दोनों राज्यों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे.

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) भारत-पाक सीमा क्षेत्र में कनेक्टिविटी और सुरक्षा को मजबूत करने हेतु जैसलमेर–भामर नई रेल लाइन परियोजना लागू होगी।

(B) यह रेल लाइन जैसलमेर, बाड़मेर और सीमा क्षेत्र के 4 जिलों के लगभग 150 गांवों को जोड़ेगी।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

जैसलमेर-भाभर रेल परियोजना

◆ भारत-पाक सीमा क्षेत्र में कनेक्टिविटी और सुरक्षा को मजबूत करने हेतु जैसलमेर–भामर नई रेल लाइन परियोजना को आगे बढ़ाया जा रहा है।

यह रेल लाइन जैसलमेर, बाड़मेर और सीमा क्षेत्र के 4 जिलों के लगभग 150 गांवों को जोड़ेगी।

परियोजना के तहत: •50 बड़े पुल •256 छोटे पुल तथा •31 रोड ओवरब्रिज (ROB) का निर्माण प्रस्तावित है।

कुल रेल मार्ग की लंबाई लगभग 193.94 किमी होगी।

◆ परियोजना का उद्देश्य: ✓ सीमा क्षेत्रों में तेज़ रेल कनेक्टिविटी ✓ सेना की लॉजिस्टिक क्षमता में वृद्धि✓ गवृद्धि  क्षेत्रों का विकास ✓ पर्यटन एवं व्यापार को बढ़ावा

◆ परियोजना के लिए अब तक तीन सर्वे (2001, 2012-13, 2024-25) किए जा चुके हैं।

◆ अनुमानित लागत बढ़कर लगभग ₹2555 करोड़ हो गई है।

05. भारत के किस राज्य में खेल अकादमियों एवं क्रीड़ा संस्थानों में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों के लिए पहली बार विशेष पौष्टिक आहार योजना लागू की जा रही?

(A) हरियाणा

(B) राजस्थान

(C) मध्यप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की पहल पर राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा संचालित सभी खेल अकादमियों एवं क्रीड़ा संस्थानों में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों के लिए पहली बार विशेष पौष्टिक आहार योजना लागू की जा रही है।
- इस योजना का उद्देश्य खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण के साथ उच्च गुणवत्ता वाला पोषण उपलब्ध कराकर उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाना है
- प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के लिए बेहतर प्रशिक्षण के साथ संतुलित और वैज्ञानिक पोषण की भी आवश्यकता है। इसी सोच के तहत यह नई पहल शुरू की गई है।
- नई डाइट योजना के तहत खिलाड़ियों को प्रतिदिन उच्च प्रोटीन एवं ऊर्जा युक्त भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

जयपुर, रविवार, 21 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-122

1 **ई-श्रम** पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए कौन-सा विशिष्ट नंबर प्रदान किया जाता है?
(A) परमानेंट लेबर नंबर
(B) यूनिवर्सल अकाउंट नंबर
(C) श्रमिक पहचान संख्या
(D) रोजगार सुरक्षा नंबर

B

2 **वर्ष** 2025-26 राज्य बजट घोषणा के क्रियान्वयन के क्रम में, आपदा प्रबंधन तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए कितने 'नवीन जिलों' में 'नागरिक सुरक्षा कोर' के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई है?
(A) 5 (B) 6
(C) 8 (D) 10

C

3 **'राजस्थान** वानिकी एवं जैव विविधता विकास परियोजना' किस अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा वित्त पोषित है?
(A) जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी
(B) विश्व बैंक
(C) एएफडी, फ्रांस
(D) एशियाई विकास बैंक

C

4 **अंधेरी** मध्यम सिंचाई परियोजना' का संबंध राजस्थान के किस जिले से है?
(A) बारां
(B) बीकानेर
(C) टोंक
(D) झालावाड़

B

5 **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत डूंगरपुर जिले की उपज कौन सी है?
(A) आम
(B) मक्का
(C) धनिया
(D) कलौंजी

A

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के लिए सरकार कितनी विशेष वित्तीय सहायता देगी?**

(A) ₹400 करोड़

(B) ₹500 करोड़

(C) ₹200 करोड़

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine